समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# वाह, क्या बात! अब भारत मे बंनकर तैयार होगी राफेल की बॉडी, 'ऑपरेशन सिंदूर' मे छुड़ाए थे पाकिस्तान के छक्के।

Publisher

Published on 05 Jun 2025



## टाटा और डसॉल्ट की ऐतिहासिक डील, हैदराबाद मे बंनेगा राफेल फाइटर जेट का स्ट्रक्चर।

**नई दिल्ली, 5 जून 2025:** भारत की डिफेंस ताकत को नया मुकाम मिलने जा रहा है। अब फ्रांस के बाद पहली बार **राफेल फाइटर जेट** की बॉडी भारत में भी बनाई जाएगी। '**मेक इन इंडिया**' के तहत **डसॉल्ट एविएशन** और **टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL)** के बीच हुए एग्रीमेंट से यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। इस समझौते के तहत हैदराबाद में **राफेल** का प्रोडक्शन यूनिट स्थापित किया जाएगा।

**राफेल की बॉडी अब भारत मे हांेगी तैयार**

अब तक राफेल की बॉडी सिर्फ फ्रांस में बनती थी। लेकिन अब हैदराबाद में स्थापित हो रहे नए प्लांट में इसके **फ्रंट सेक्शन, सेंट्रंल फ्यूजलेज, रियर सेक्शन** और **लेटरल शेल** तैयार किए जाएंगे। यह काम 2028 से शुरू होने की उम्मीद है। यह डील चार **प्रोडक्शन ट्रांसफर** समझौतों के तहत हुई है।

**डसॉल्ट और टाटा की साझेदारी**

**डसॉल्ट एविएशन** के चेयरमैन **एरिक ट्रैपियर** ने इसे भारत में सप्लाई चेन मजबूत करने की दिशा में निर्णायक कदम बताया। वहीं, **TASL** के **सीईओ सुकरन सिंह** ने कहा कि यह भारत की एयरोस्पेस इंडस्ट्री में आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

'**ऑपरेशन सिंदूर**' में राफेल ने दिखाई थी ताकत

**राफेल फाइटर जेट** का भारत की सुरक्षा नीति में अहम रोल है। हाल ही में हुए '**ऑपरेशन सिंदूर**' में इन जेट्स ने पाकिस्तान की सीमाओं में घुसकर रणनीतिक बढ़त हासिल की थी, जिससे दुश्मन देश हिल गया था।

**राफेल क्यों है खास?**

१. **डबल इंजन मल्टीरोल जेट**

२. **SPECTRA सिस्टम से रडार बचाव**

३. **एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग क्षमता**

४. **150 KM रेंज की मिसाइल क्षमता**

५. **स्पीड: 2,223 किमी/घंटा**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.